दैनिक भास्कर बुरहानपुर 27-07-2025

नेपा लिमिटेड के कर्मचारी राजेश सविता का योग प्रशिक्षक के रूप में सम्मान

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के कर्मचारी संबंध व कल्याण विभाग में कार्यरत राजेश सविता को निदेशक वित्त, प्रदीप कुमार नाइक द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें पिछले तीन वर्षों से कंपनी में योग प्रशिक्षक की भूमिका निभाने के लिए प्रदान किया गया। वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक, प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार ने योग साधक के रूप में सविता की भूमिका की सराहना की। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया राजेश सविता

प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह के तहत आयोजित योग शिविरों में अधिकारियों, कर्मचारियों को नियमित रूप से योगाभ्यास करवा रहे हैं। इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग के तहत आयोजित सप्ताह व्यापी योग शिविर में भी उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई।

नईदुनिया संजय चौहान 9406689018

नेपा मिल में योग का प्रशिक्षण दे रहे राजेश सविता का किया सम्मान

राजेश सविता का सम्मान करते प्रदीप कुमार नाइक और ज्ञानेश्वर खैरनार। • नईदुनिया

नईदुनिया न्यूज, नेपानगर: नेपा लिमिटेड के कर्मचारी संबंध एवं कल्याण विभाग में कार्यरत राजेश सविता को निदेशक वित्त प्रदीप नाइक और ज्ञानेश्वर खैरनार ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें तीन साल से कंपनी में योग प्रशिक्षक की भूमिका निभाने के लिए प्रदान किया गया। वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार ने कहा कि योग साधक के रूप में राजेश सविता की बड़ी भूमिका रही है। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि राजेश सविता प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित योग शिविरों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित रूप से योगाभ्यास करवा रहे हैं। इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग के तहत आयोजित सप्ताह व्यापी योग शिविर में भी उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई।

राजेश सविता का योग प्रशिक्षक के रूप में किया सम्मान, योग में हासिल है महारथ

नेपानगर। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के कर्मचारी संबंध एवं कल्याण विभाग में कार्यरत राजेश सविता को निदेशक वित्त, प्रदीप कुमार नाइक द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें पिछले तीन वर्षों से कंपनी में योग प्रशिक्षक की भूमिका निभाने हेतु प्रदान किया गया। वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार ने योग साधक के रूप में सविता की भूमिका की सराहना करते हुएं उन्हें शुभकामनाएं दी। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया राजेश सविता प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह के अंतर्गत आयोजित योग शिविरों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित रूप से योगाभ्यास कराते हैं। इस वर्ष की थीम ÷एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग÷ के तहत आयोजित सप्ताहव्यापी योग शिविर में भी उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई। उनके इस योगदान पर नेपा लिमिटेड परिवार ने हर्ष व्यक्त किया हैं।

नेपा लिमिटेड के कर्मचारी राजेश सविता का योग प्रशिक्षक के रूप में सम्मान

दैनिक खबरों की रोशनी जिला ब्यूरो चीफ रविंद्र इंगले

बुरहानपुर/नेपानगर। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के कर्मचारी संबंध एवं कल्याण विभाग में कार्यरत राजेश सविता को निदेशक वित्त,प्रदीप कुमार नाइक द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें पिछले तीन वर्षों से कंपनी में योग प्रशिक्षक की भूमिका निभाने हेतु प्रदान किया गया। वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार ने योग साधक के रूप में सविता की भूमिका की सराहना करते हुएं उन्हें शुभकामनाएं दी। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया राजेश सविता प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह के अंतर्गत आयोजित योग शिविरों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित रूप से योगाभ्यास करवा रहे हैं। इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी,एक स्वास्थ्य के लिए योग के तहत आयोजित सप्ताहव्यापी योग शिविर में भी उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई। उनके इस योगदान पर नेपा लिमिटेड परिवार ने हर्ष व्यक्त किया हैं।